>

Title: Need to revive closed coal mines.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय : सभापति महोदय, कोल इंडिया द्वारा लगभग दस वर्षों से ...(व्यवधान)

कोल इंडिया की सब्सिडियरी भारत कोकिंग कोल है। लगभग सात-आठ वर्षों से यहां का माइन्स बंद पड़ा हुआ है, चाहे वह लोयाबाद की माइन्स, लोयाबाद कोल प्लांट, हाथुडीह, जोगीडीह, महेशपुर, गोविन्दपुर, इस्ट कतरास, फुलाड़ीटाड, पद्दुगोडा, लौहपीटी आदि हो। इन सब माइन्स में बीसियों हजार मजदूर इधर से उधर हो रहे हैं, लेकिन ये माइन्स बंद पड़े हुए हैं। सीसीएल में भी माइन्स बंद पड़े हुए हैं।

सभापति महोदय, यह बात हमने पिछली बार भी उठायी थी कि अंगवाली माइन्स बंद पड़ी हुई है। वहां पर जमीन के एवज में नौकरी भी दी गयी, मुआवजा भी दिया गया, लेकिन आज भी माइन्स बंद है और वहां पर इललीगल माइनिंग हो रही है। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : What do you want? Please speak about that.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय : सभापति महोदय, मेरा आपसे आग्रह है कि दामोदर रिवर डायवर्शन का जो प्रोजेक्ट है, वह पहले मात्र 30 करोड़ रुपये का था, लेकिन आज वह बढ़कर लगभग डेढ़ सौ करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। कोल इंडिया की प्लानिंग है कि वह आउटसोर्सिंग के माध्यम से इन परियोजनाओं को चालू करे।

सभापति महोदय, हमारा आपसे आग्रह है कि जब नौकरी दी गयी, मुआवजा दिया गया, तो वहां पर सीसीएल (सैंट्रल कोल फील्ड लिमिटेड) खुद कोयले का उत्पादन करे, ताकि वहां के लोगों को लाभ मिल सके। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet again tomorrow, the 19th of August, 2011, at 11 a.m.

18.56 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Friday, August 19, 2011/Sravana 28, 1933 (Saka).

---

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded